# अब जिलों में भी पाईप लाईन से पीएनजी गैस मिलेगी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 सितम्बर को सागर जिले के जैसीनगर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पोर्टल और मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे.**



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नीति-2025 लागू की गयी है. इस नीति के तहत राज्य के जिलों में पाईप लाईन बिछाकर उपभोक्ताओं को पीएनजी (पाईप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन प्रदाय किये जायेंगे. साथ ही वाहनों के लिए सीएनजी स्टेशन स्थापित किये जायेंगे, इससे घर-घर स्वच्छ और सस्ता ईधन उपलब्ध होगा.

राज्य सरकार का लक्ष्य निवेशकों को आकर्षित करना और मप्र को भारत के अग्रणी ग्रीन एनर्जी हब के रूप में स्थापित करना है.

मंत्री राजपूत ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के सार्वजनिक उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जायेगा. उपभोक्ताओं में आपका राशन-आपका अधिकार संबंधी जागरूकता के लिये शिविरों का आयोजन किया जायेगा. खाद्यान्न प्राप्त होते ही पंजीबद्ध उपभोक्ताओं को एसएमएस से राशन की मात्रा संबंधी जानकारी मिलेगी. उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न पहुंचने की जानकारी भी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी.

सिटी गैस ड्रिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विकास के लिए सीएनजी स्टेशन संचालित करने के लिए एनओसी एवं पाईपलाईन बिछाये जाने हेतु अनुमति दिये जाने का प्रावधान है. इसी के लिए सिंगल विंडो पोर्टल का निर्माण किया गया है. जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार की अनुमतियां देने के लिए कलेक्टर को सिंगल विंडो पोर्टल के लिये अधिकृत किया गया है. आवेदक संस्था द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल पर जिला कलेक्टर को आवेदन कर, निर्धारित समय-सीमा में एनओसी/अनुमति प्राप्त की जा सकेगी. एनओसी अधिकतम समय-सीमा 60 दिन एवं अनुमति प्राप्त करने के लिये अधिकतम 77 दिवस निर्धारित की गई है. जिलों में पाईपलाईन के माध्यम से उपभोक्ताओं के घरों तक निर्वाध रूप से पीएनजी का प्रदाय किया जाता है. इससे उपभोक्ताओं के घरों में निर्वाध गैस की उपलब्धता बनी रहेगी. इसका उपयोग खाना पकाने एवं अन्य घरेलू कार्यों में किया जाता है, जो सस्ता एवं सुलभ है. बार-बार सिलेंडर बुक करने और रीफिलिंग की परेशानी नहीं होती है. पीएनजी का उपयोग सुरक्षित है क्योंकि यह हवा से हल्की होती है. अत: रिसाव होने पर यह ऊपर उठकर हवा में फैल जाती है, जिससे आग लगने का खतरा कम होता है.

## सीएम निवास से रवीन्द्र भवन तक निकलेगी रैली

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय स्वदेशी जागरण सप्ताह का रवीन्द्र भवन भोपाल में गुरुवार को शुभारंभ करेंगे. मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास से प्रात: 9 बजे से रवीन्द्र भवन तक आज रैली निकाली जायेगी. रैली में मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के 300 प्रतिभागी सहभागिता करेंगे. महा-अभियान प्रदेश के 313 विकासखण्डों में 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा. स्वदेशी जागरण सप्ताह में स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार-प्रसार करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मध्यप्रदेश जन-अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, स्वर्णिम भारत वर्ष फाउण्डेशन एवं अखिल भारतीय सह प्रमुख स्वदेशी मेला के सीईओ साकेत सिंह राठौर, स्वाबलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह-समन्वयक जितेन्द्र गुप्त, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्यप्रदेश के प्रादेशिक अध्यक्ष मोहन गुप्ता और स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे.



## स्व. जमुना देवी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि की अर्पित

**भोपाल.** भोपाल में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश की पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. जमुना देवी जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने उनके आदिवासी कल्याण और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को याद किया. उन्होंने कहा कि जमुना देवी जी का त्याग और सेवा सभी के लिए प्रेरणा है तथा उनके आदर्शों पर चलकर समाज के उत्थान का संकल्प लिया गया.

## महिला से दुष्कर्म करने वाले ठेकेदार को 10 साल की सजा

**धार.** मध्यप्रदेश के औद्योगिक नगरी पीथमपुर में घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी ठेकेदार पप्पुलाल निवासी डाकबंगला को धार जिला अदालत ने दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. अभियोजन के अनुसार घटना 10 फरवरी 2022 की सुबह की है. पीड़िता घर में निर्माण सामग्री किराये पर देने का कार्य करती थी. आरोपी पप्पुलाल सामग्री लेने के बहाने उसके घर आया और सामान रखवाने के बाद पानी मांगने के बहाने भीतर चला गया. वहां उसने पीड़िता की पुत्री को चाय लाने के लिए कहकर अंदर का दरवाजा बंद कर दिया.

## स्वच्छता के लिए छिंदवाड़ा को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**भोपाल.** छिंदवाड़ा जिले ने स्वच्छता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त कर प्रदेश का नाम राय पटल पर रोशन किया है. जिला पंचायत छिंदवाड़ा को अभिनव ''वॉश ऑन व्हील्स'' नवाचार के लिए प्रतिष्ठित इंडिया सेनीटेशन कोएलिशन फिक्की राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से नवाजा गया है. इसे सतत रखरखाव एवं सामुदायिक प्रबंधन श्रेणी में प्रदान किया गया, जिसके साथ ढाई लाख रुपये की नकद राशि भी प्राप्त हुई. नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त किया.

# सिंगापुर के साथ परियोजनाओं को बढ़ाने प्रतिबद्ध : डॉ. मोहन यादव

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल स्किल पार्क जैसे प्रोजेक्ट मप्र और सिंगापुर द्वारा क्षमता निर्माण तथा युवा सशक्तिकरण के लिए किए गए संयुक्त प्रयासों का सफल उदाहरण है.**

सिंगापुर की तकनीक, शिक्षा-स्किल्स, विशेषज्ञता और मप्र की औद्योगिक क्षमता व संसाधन, परस्पर विकास, नवाचार और स्थिरता को प्रोत्साहित करने सक्षम है. सरकार द्विपक्षीय परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हरसंभव नीति, सहयोग और निवेशकों को त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है.



डॉ. यादव ने यह बात सिंगापुर के काउंसल जनरल चियोंग मिंग फूंग से मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में चर्चा के दौरान कही. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, सिंगापुर के साथ इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग, अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता, ग्रीन टेक्नोलॉजी, स्मार्ट सिटी सॉल्युशन्स, स्किल डेवलपमेंट सहित निवेश और शिक्षा के क्षेत्र में परस्पर सहयोग बढ़ाते हुए गतिविधियों का विस्तार करेगा.

# एसोसिएशन विवादों के बीच टले 'खेलो एमपी यूथ गेम्स'

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 24 सितम्बर. कांग्रेस प्रवक्ता विक्रांत चौधरी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगातार टल रहे 'खेलो एमपी यूथ गेम्स' से खिलाड़ी अनिश्चितता में फंसे हुए हैं.**



उन्होंने आरोप लगाया कि खेल विभाग की लापरवाही और खेल संघों के आपसी झगड़े के कारण यह मेगा इवेंट तीसरी बार स्थगित हो गया है. चौधरी ने कहा कि मार्च 2023 में पहली बार आयोजित हुए इस आयोजन की तिथियां बार-बार टकरा रही हैं और अब दिसंबर तक भी इसके होने की संभावना बेहद कम दिख रही है. इससे प्रदेश के युवा खिलाड़ी हतोत्साहित हो रहे हैं. कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि खेल विभाग खिलाड़ियों और खेलों के भविष्य की जगह राजनीति में उलझा हुआ है. उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण प्रदेश के युवाओं का खेलों में भविष्य अधर में लटका हुआ है.









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14